समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# विलास घुले हत्याकांड मे सांसद बजरंग सोनवणे का बड़ा बयान : 'बेटे का नाम राजनीतिक साजिश के तहत घसीटा जा रहा', जांच मे सहयोग का भरोसा

Sanket Morankar

Published on 24 Jun 2026



महाराष्ट्र के बीड जिले में होटल व्यवसायी **विलास घुले** की हत्या का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस बहुचर्चित मामले में बीड के सांसद **बजरंग सोनवणे** के बेटे का नाम सामने आने के बाद राजनीतिक माहौल भी गर्म हो गया है। इस बीच सांसद बजरंग सोनवणे ने पहली बार पूरे मामले पर खुलकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनके बेटे का नाम जानबूझकर राजनीतिक कारणों से इस मामले में जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह स्वयं, उनका बेटा और पूरा परिवार पुलिस जांच में पूरा सहयोग करेगा और सच्चाई सामने आने में हर संभव मदद करेगा।

विवाद सुलझाने पहुंचे थे विलास घुले, हो गई हत्या

जानकारी के अनुसार, टाकली फाटा इलाके में दो पक्षों के बीच हुए विवाद को सुलझाने के लिए होटल व्यवसायी विलास घुले मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया गया, जिसमें उनकी मौत हो गई।

घटना के बाद इस हत्याकांड में सांसद बजरंग सोनवणे के बेटे **सौरभ सोनवणे** का नाम सामने आया। हालांकि शुरुआती दौर में मुख्य आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज न होने पर मृतक के परिजन आक्रोशित हो गए।

11 घंटे तक थाने के बाहर रखा शव

पुलिस की कार्रवाई से नाराज परिजनों ने विलास घुले का शव करीब **11 घंटे तक केज पुलिस थाने के बाहर** रखकर विरोध प्रदर्शन किया।

परिजनों की मांग थी कि मुख्य साजिशकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की जाए। बाद में पुलिस द्वारा दर्ज किए

गए जवाब में सौरभ सोनवणे के नाम का उल्लेख किए जाने के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार के लिए सहमति दी।

'बेटे का नाम जानबूझकर घसीटा जा रहा'

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद बजरंग सोनवणे ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है और इसकी निष्पक्ष तथा गहराई से जांच होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले यह पता लगाया जाना चाहिए कि विवाद आखिर शुरू कैसे हुआ और किन परिस्थितियों में यह हत्या हुई।

अपने बेटे पर लग रहे आरोपों को लेकर उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक लोग जानबूझकर उनके परिवार को निशाना बना रहे हैं।

'यह पूरी तरह राजनीति है'

बजरंग सोनवणे ने कहा कि पीड़ित परिवार अपनी भावनाएं व्यक्त कर सकता है और उन्हें ऐसा करने का पूरा अधिकार है। लेकिन कुछ राजनीतिक लोग इस मामले को अलग दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक लाभ लेने के लिए उनके बेटे का नाम उछाला जा रहा है, जबकि पूरे मामले की सच्चाई पुलिस जांच के बाद ही सामने आएगी।

पुलिस जांच में पूरा सहयोग करेंगे

सांसद सोनवणे ने स्पष्ट कहा कि उनका पूरा परिवार पुलिस जांच में हर तरह का सहयोग देगा।

उन्होंने कहा, **"मै, मेरा बेटा और हमारा पूरा परिवार पुलिस को जो भी सहयोग चाहिए, उसके लिए पूरी तरह तैयार है। जांच एजेसिंयों को हर संभव मदद दी जाएगी।"**

विधायक संदीप क्षीरसागर का बयान

इस मामले पर विधायक **संदीप क्षीरसागर** ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पुलिस सही दिशा में जांच कर रही है और बजरंग सोनवणे जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक बयानबाजी अपनी जगह है, लेकिन अंतिम फैसला जांच के बाद ही सामने आएगा।

सुरेश धस ने भी अपनाया संतुलित रुख

भाजपा विधायक **सुरेश धस** ने भी इस मामले में संतुलित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विलास घुले की हत्या किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराई जा सकती।

उन्होंने कहा कि मृतक के परिवार को न्याय मिलना चाहिए और यदि जांच में कोई भी दोषी पाया जाता है, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति क्यों न हो, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए।

जांच पर टिकी सबकी निगाहें

विलास घुले हत्याकांड ने बीड जिले में राजनीतिक और सामाजिक माहौल को पूरी तरह गरमा दिया है। एक ओर मृतक के परिवार और स्थानीय लोग आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक दल भी इस मुद्दे पर आमने-सामने आ गए हैं।

फिलहाल पुलिस वायरल वीडियो, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और उपलब्ध सबूतों के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है। अब पूरे मामले में पुलिस की जांच और उसके निष्कर्षों पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.